भारत सरकार
शिक्षा मंत्रालय
उच्चतर शिक्षा विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 215
उत्तर देने की तारीख 18.07.2022

राजस्थान में केंद्रीय विश्वविद्यालय

215. सी.पी.जोशी:

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार का राजस्थान में एक केंद्रीय विश्वविद्यालय स्थापित करने का विचार है;

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार को राजस्थान सरकार से कोई प्रस्ताव प्राप्त हुआ है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या सरकार का देश के सभी केंद्रीय विश्वविद्यालयों में प्रवेश के लिए राष्ट्रीय स्तर पर प्रवेश परीक्षा आयोजित करने का विचार है; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
शिक्षा मंत्रालय में राज्यमंत्री
(डॉ. सुभाष सरकार)

(क) से (ङ) केन्द्रीय विश्वविद्यालय की स्थापना एक सतत प्रक्रिया है। राजस्थान राज्य में पहले से ही एक केंद्रीय विश्वविद्यालय है, जिसका नाम राजस्थान केंद्रीय विश्वविद्यालय है। तथापि, वर्तमान में राजस्थान में एक नया केंद्रीय विश्वविद्यालय स्थापित करने के लिए मंत्रालय में कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 के अनुसरण में, छात्रों, विश्वविद्यालयों और संपूर्ण शिक्षा प्रणाली के दबाव को कम करने के लिए शैक्षणिक वर्ष 2022-23 से केंद्रीय विश्वविद्यालयों में प्रवेश हेतु सामान्य प्रवेश परीक्षा आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। स्नातक कार्यक्रम के लिए सामान्य विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा (सीयूईटी) विभिन्न बोर्डों के छात्रों को समान अवसर प्रदान करते हुए उनका उसी स्तर पर मूल्यांकन करती है। यह छात्रों के लिए सुविधाजनक है क्योंकि वे एक आवेदन पत्र से अपनी पसंद के अनुसार एक से अधिक विश्वविद्यालयों में आवेदन कर सकते हैं। वे सैकड़ों परीक्षा केंद्रों पर 13 भाषाओं में परीक्षा दे सकते हैं। स्नातक स्तर के लिए पाठ्यक्रम बारहवीं कक्षा के स्तर पर विषय की समझ पर आधारित है, चाहे वह किसी भी बोर्ड से संबद्ध हो।

*****